## सार-समाचार

### ग्लोबल इनवेस्टर मीट-2024 आज

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना, विस्तार, विविधिकरण, शिलान्यास एवं उद्यमियों की उद्योग लगाने की इच्छा के मद्देनजर प्रचार-प्रसार की प्रक्रिया में राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की उपस्थिति में 28 अक्टूबर को जिला स्तर पर राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 का आयोजन वतन रिसोर्ट बिशनगढ़ रोड़, जालोर में किया जायेगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि समिट में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही उद्योगों से संबंधित योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी एवं उद्योग लगाने के लिए जिले में उपलब्ध संसाधनों के बारे में अवगत करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार विभागीय अधिकारियों द्वारा समिट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका हैं। जिले में 146 निवेशकों द्वारा 11695 करोड़ के निवेश विभिन्न सेक्टरों में किये गये हैं। 20 एग्रो बेस्ड यूनिट के 200 करोड़, 30 ग्रेनाईट इकाईयों के 277 करोड, 28 सोलर इकाईयों के 5005 करोड, 13 रियल इस्टेट के 3528 करोड, 11 होटल एवं रिसोर्ट के 340 करोड, 6 स्थास्थ्य सेवाओं की इकाईयों के 410 करोड तथा 37 अन्य इकाईयों के 1936 करोड, के एमओयू हुए हैं।

### रावणा राजपूत समाज की क्रिकेट 4 से

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुडामालानी में रावणा राजपूत समाज की तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी मैच 8-8 ओवर के व सेमी फाइनल व फाइनल मैच 10-10 ओवर का होगा। रावणा राजपूत समाज गुडामालानी अध्यक्ष किशनसिंह गोहिल ने बताया कि रावणा राजपूत समाज के युवा संगठन के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 6 नवम्बर तक आयोजित होगा। जिसमें रावणा राजपूत समाज के बाडमेर, सांचौर व बालोतरा जिले के खिलाडी भाग लेंगे। प्रतियोगिता संतोष भारती भाद्राजून एवं सुन्दरगिरी महाराज रतनपुरा के सानिध्य में होगी। युवा अध्यक्ष चतरसिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता मुख्य अतिथि मंजीतपाल सिंह सांवराद, भाखरसिंह सोनडी, राणा सुरेन्द्र सिंह के आतिथ्य में होगी। युवा मीडिया प्रभारी नरपतसिंह भाटी ने बताया कि समापन समारोह 6 नवम्बर को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव लाधुराम विश्नोई, राज्य मंत्री के.के विश्नोई, पूर्व उप प्रधान राणा कुलदीपसिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष रावणा राजपूत समाज विक्रमसिंह भाटी, प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला व अशोक सिंह राजावत की उपस्थिति में होगा।

### चौराऊ ने आलासन टीम को हराया

**सायला**,(नि.सं.)। शहर के खेलमैदान में 17 गांव परगना मेघवाल समाज पांच दिवसीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को मुख्य अतिथि आकाश भारती एवं सायला उपसभापति प्रकाश मेघवाल के उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के पूनाराम ने बताया कि उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने खेल प्रतियोगिता के माध्यम से समाज के खिलाडियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मंच मिलेगा। साथ ही खिलाडियों को आपसी भाईचारे एवं खेलभावना से खेलने की बात कही। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच चौराऊ व आलासन के बीच खेला गया। जिसमें चौराऊ टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में कुल 17 टीमें भाग ले रही है। इस दौरान ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, एडवोकेट छतराराम वाणिका, नपाराम पोषाणा, भामाशाह रामलाल वीरा, मोहियाराम, लालाराम, आशाराम, पूनाराम, हसु मेघवाल, नगाराम सुजानी, बीजाराम आलासन, मंगलाराम, बाबूलाल आलासन, दिनेश तंवर, उकाराम, सुरेश रांगी, अशोक वीरा, खेताराम, मीठाराम, गोरधन, राजू उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद वि.वि. ने लगाया चिकित्सा शिविर

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में सप्ताह पर्यंत मनाये जा रहे नवें आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों के अंतर्गत नाग तालाब आर्मी बेस में आयोजित दीपावली कार्निवाल महोत्सव में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. यशस्वी शाकद्वीपीय सह आचार्य, डॉ. राजेश कुमार कुमावत सह आचार्य एवं डॉ. सुमन विश्नोई तथा डॉ. शहादत खान आवासीय चिकित्सा अधिकारियों की टीम द्वारा सेवाएं दी गई। इस शिविर में 66 रोगियों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियाँ, खांसी, बुखार, गले में खराश एवं दर्द, अस्थमा, उच्च रक्तचाप, चर्म रोग, रक्त की कमी, बालों का गिरना तथा महिलाओं से सम्बन्धित बीमारियों की जानकारी एवं चिकित्सा दी गई। नाग तालाब आर्मी बेस के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रजापति सहित चिकित्सको की टीम का शिविर के लिए आभार जताया।

### दीपावली पर धोरीमन्ना मंडी में अवकाश

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमना कृषि उपज मंडी में दिपावली के पावन अवसर पर सम्पूर्ण कृषि मंडी व्यापार संघ व कृषि मंडी प्रशासन के, सहयोग से व दिपावली के अवसर पर धोरीमन्ना कृषि मंडी पुर्ण रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया। अवकाश के दौरान हराजी निलामी बोली नहीं बोली जाएंगी। कृषि मंडी व्यापार संघ सचिव महेन्द्र राठी ने बताया इस दौरान गोतम सेठिया, लालाराम चौधरी, सुपर वाईजर कृषि उपज मंडी, राकेश सेठिया जेठमल बोथरा, जगदीश बेनिवाल, बाबूलाल मालू बाबूलाल तेतरवाल दिनेश मालू सुजानाराम भादू,गोतम लूणिया, राधेश्याम तेतरवाल,रामाराम बेनीवाल, सांवलाराम देवासी, अशोक कुमार छाजेड, भींयाराम चौधरी सुरेश बोथरा, सत्यनारायण चंडक जालाराम श्रवण चौधरी दिनेश जाणी सहित कई व्यापारी लोग मौजूद रहे ।

### स्व. भोम सिंह खारा की स्मृति में रक्तदान

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय पुराना परिसर में स्व. श्री भोम सिंह खारा की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. भोम सिंह खारा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर पटेल ने कहा रक्तदान महादान है और रक्तदान करने वाला व्यक्ति महादानी है। उन्होंने कहा रक्तदान शिविर के माध्यम से युवाओं ने समाज को सकारात्मक संदेश दिया है कि रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा रक्तदान न केवल नया जीवन देता है बल्कि सामाजिक संबंधों में मधुरता आती है। उन्होंने कहा आपका रक्त किसी की शिराओं में जिंदगी बनकर दौड़ेगा और हम सभी को अधिकाधिक रक्तदान कर लाखों लोगों के जीवन को बचा सकते है।

### अर्जुनराम मेघवाल का जालोर दौरा आज

**जालोर**, (कासं)। केन्द्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 28 अक्टूबर को जालोर जिले के दौर पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार केन्द्रीय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल 28 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे उदयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे श्री लुम्भनाथ जी धुणा, तलबी रोड़, भीनमाल पहुँचेंगे जहाँ वे मेघवाल समाज प्रतिभा सम्मान समारोह-2024 में भाग लेने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों व बैठकों में भाग लेंगे। तत्पश्चात् भीनमाल से दोपहर 1 बजे उदयुपर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### डॉ. मंजू बाघमार आज आएंगी

**जालोर**, (कासं)। राज्य की सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार 28 अक्टूबर को जालोर जिले के दौर पर रहेंगी। राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार 28 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे ब्यावर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे भीनमाल पहुँचेंगी। जहाँ वे मेघवाल समाज प्रतिभा सम्मान समारोह-2024 में भाग लेंगी। तत्पश्चात् वहाँ से दोपहर 1 बजे डीडवाना-कुचामन के लिए प्रस्थान करेंगी।

### चूड़ी, पोस्टर से सजे बाजार


**पाली**, (नि.सं.)। दीपावली के 5 दिन शेष रहते शहर के बाजार अब सजने लगे हैं। जहां मनिहारी का सामान फैंसी सामान, चूड़ी गिफ्ट, घर का सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगने लगी है। वहीं साड़ियां, रेडीमेड स्टोर बर्तन की दुकान पर भी ग्राहक की भीड़ लगने लगी है।

# सिक्किम के राज्यपाल माथुर पहाड़पुरा, सुंधा मां मंदिर पहुंचे

**जालोर**, (कासं)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर रविवार को जालोर जिले के पहाड़पुरा ग्राम पहुंचे। उन्होंने रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल के बड़े भाई सुंधा माता ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह देवल की धर्मपत्नी देश कंवर के निधन पर शोक संवेदना प्रकट कर परिवारजनों का सांत्वना दी।

इस दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सिवाना विधायक हमीरसिंह, पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, श्रवणसिंह राव, सांवलाराम चौधरी आदि उपस्थित रहे। पहाड़पुरा से रवाना होकर राज्यपाल माथुर जसवंतपुरा क्षेत्र स्थित सुंधा माता मंदिर में सुंधा माता के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सुन्धा माता मंदिर पहुंचने पर सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का सुन्धा माता ट्रस्ट व जनप्रतिनिधियों द्वारा साफा, माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

सुन्धा माता मंदिर स्थल पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुश राजेश कुमार, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, सिवाना विधायक हमीरसिंह, भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, रेवदर के पूर्व विधायक जगसीराम कोली, श्रवणसिंह राव, सांवलाराम चौधरी, रानीवाड़ा प्रधान राघवेन्द्र सिंह देवड़ा, पूर्व जिला प्रमुख वन्नेसिंह गोहिल, चिरंजीलाल दवे, दीपसिंह धनानी, भवानी सिंह बाकरा, अमीचंद जैन, भैरूदान चारण, विमला चौहान, दौलतसिंह देवल, तुलसाराम मांजू, बाबूलाल पुरोहित, अमृतलाल चौधरी, श्रीमती शीला विश्नोई, मोतीराम चौधरी, दानाराम चौधरी आदि ने सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का स्वागत व अभिनंदन किया। माथुर ने पहाड़पुरा पहुंचने से पूर्व रामसीन स्थित आपेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सिरोही-जालोर सीमा पर पुनगकलां गांव में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, डॉ. मंजू मेघवाल, श्रवणसिंह राव, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, चिरंजीलाल दवे, सुरेश सोलंकी, रतन सुथार, सेवानिवृत आईएएस गंगासिंह परमार इत्यादि ने राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।



जालोर के पास सुंधा माता के दर्शन सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने किये। फोटो-राष्ट्रदूत

# भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' सुनी



जालोर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा नगर मंडल जालौर के नेतृत्व में मन की बात का लाइव प्रसारण किया।

नगर महामंत्री रतन सुथार ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते पूर्व मंत्री धनाराम पुरोहित उपस्थित थे। वही अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की विशिष्ट अतिथि की नाते नगर मंडल संयोजक संजय बोराणा उपस्थित थे। कार्यक्रम में पार्षद व नगर मंत्री हीराराम देवासी भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेडिया चतराराम गहलोत कैलाश महेश्वरी धीरज सुन्देशा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 115वां एपिसोड को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर युग में नई चुनौती आई है, लेकिन हमने उसे पार पाया है। पीएम ने इसी के साथ क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को याद किया। पीएम ने कहा कि बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंति के लिए लोगों को अपनी राय देनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने मेल करने की अपील भी की।

पीएम ने अपने संबोधन में डिजिटल अरेस्ट का भी जिक्र किया। पीएम ने बताया कि कैसे डिजिटल अरेस्ट के तहत फ्रॉड किया जा रहा है और लोगों की गाडी कमाई को लूटा जा रहा है। पीएम ने कहा कि ये लोग फोन पर ऐसा वातावरण बना देते हैं कि आप डर जाते हैं। ये लोग कहते हैं ये करो नहीं तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन ये सब फ्रॉड है।मोदी ने मन की बात और भी कई बिंदुओं पर चर्चा की।

## बच्चों ने एकता का संदेश दिया

**पाली**,(नि.सं.)। कृष्णा विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय, पाली व में छात्र छात्राओं द्वारा अनोखी व बेहतरीन दिवाली मनायी गयी। विद्यालय के शिक्षको व विद्यार्थियों ने श्याम पट्ट पर दीपावली शुभकामनाओं के साथ एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत मिश्रा व पवन पांडे ने की। पूरा विद्यालय दिपको से जगमगा उठा। दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी कक्षा-कक्षों को दीपों से सजाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जयशंकर त्रिवेदी ने दीपोत्सव में होने वाले 5 त्योहार धनतेरस , रूप चौदह , दीपावली , गोवर्धन पूजा भाई दूज का विस्तृत वर्णन किया ।

विद्यालय मे 3 बजे से 8 बजे तक गरबा का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों व अभिभावकों ने गरबा के गीत पर खूब नृत्य किए। प्रधानाचार्य ने दीपावली के इस अवसर पर उसको मनाने का इतिहास व महत्व समझाया। विभिन्न धर्मो में दीपावली को लेकर अलग - अलग मान्यताए है। जिनको प्रधानाचार्य जी से भली भाँति समझाया। विद्यालय में ऐसी अनोखी दिवाली मनायी की सारे अभिभावक व छात्राएं काफी खुश नजर आए।

इस अवसर पर जयशंकर त्रिवेदी , सीमा, त्रिवेदी मुदिता त्रिवेदी, जयेश शर्मा, वीणा लखारा, कशिश त्रिवेदी, कंचन जी, विनीता, सुनीता, सुरभि श्रीमाली, पूजा, वर्षा, आशीष व्यास, पूजा कंवर राव, पूजा गुप्ता, विष्णु, जोनिका सहित कई जने मौजूद रहे।

## 50 लाख के जेवरात चोरी मामले का खुलासा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के लहरिया रिसोर्ट में 20 अक्टूबर को शादी समारोह से 50 लाख के जेवरात चोरी के मामले में खुलासा हुआ है।

एमपी राजगढ़ पुलिस की मदद से पुलिस ने चोरी किए गए जेवरात बरामद किए है। पुलिस जब चोरों को पकड़ने के लिए राजगढ़ उनके ठिकाने पर पहुंची उससे पहले ही सभी वहां से फरार हो गए। अब पुलिस ने सभी चोरों को नामजद किया है और उनकी तलाश की जा रही है।

राजीव गांधी नगर थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि 20 अक्टूबर को जोधपुर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी कीर्ति मेहता पत्नी सौरभ मेहता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी रिपोर्ट में बताया कि वह शादी समारोह में भाग लेने के लिए लहरिया रिसोर्ट गई। उसी समय रात को 11 बजे उनका बैग व पर्स चोरी हो गया।

उनके पर्स में करीब 672 ठाम सोने के जेवरात व 8 हजार रुपए थे। जिनकी कीमत करीब 52 लाख रुपए थी। पुलिस ने उसी समय मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

बताया कि रिसोर्ट के सीसीटीवी कैमरों से चोरों की पहचान हुई थी। इसके चलते पुलिस ने उनका पीछा शुरू कर दिया था।

पुलिस ने बताया कि जेवरात चोरी होने के बाद करीब 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। इसके आधार पर पुलिस एमपी राजगढ़ पहुंची और वहां 5 दिन तक राजगढ़ पुलिस की मदद से चोरों के ठिकाने तक पहुंच गई और चोरी का माल बरामद कर लिया। अब पुलिस उन चोरों की तलाश कर रही है।

# सोनार दुर्ग में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण



विधायक छोटूसिंह भाटी ( बाएं ), नगर परिषद् सभापति हरिवल्लभ कल्ला, पार्षद सीमा गोपा ने सोनार दुर्ग में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहरी क्षेत्र में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सोनार दुर्ग के पुराने जेल भवन में लोकार्पण रविवार को किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल बुनकर ने बताया कि जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, नगर परिषद् सभापति हरिवल्लभ कल्ला, पार्षद सीमा गोपा द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया।

भाटी ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए चिकित्सा संस्थान के लोकार्पण होने पर बधाई दी और कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। सभापति कल्ला ने कहा कि दुर्ग क्षेत्र में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना होने से वार्ड वासियों को वार्ड में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। पार्षद सीमा गोपा ने सोनार दुर्ग में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के शुभारंभ करने पर खुशी व्यक्त करते हुए विधायक, नगर परिषद सभापति व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

बालकृष्ण गोपा, चंद्रशेखर श्रीपत, राजेंद्र गोपा, लक्ष्मण गोपा,महेशकुमार पुरोहित एवं वार्ड वासियों ने आरोग्य मंदिर खुलने पर प्रसन्नता जाहिर की।

ज्ञात रहे कि सोनार दुर्ग के शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के भवन में पूर्व में राजकीय प्राथमिक पाठशाला कई वर्षों तक चली।

तत्पश्चात रियासत काल में निर्मित पुराने भवन में दुर्घटना होने की संभावना के चलते पाठशाला को अन्यत्र शिफ्ट करवा दिया गया था।

अब उसी भवन में लोकार्पण किये गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत एक चिकित्सक, दो जीएनएम, एक एएनएम व एक फार्मासिस्ट की नियुक्ति कर दी गई है।

नियुक्त विभागीय कार्मिकों द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर स्थानीय मरीजों को लाभान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ राजेंद्रकुमार पालीवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ चंदनसिंह, डॉ एमडी सोनी, डॉ नारायणराम उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### राजपूत स्वर्गाश्रम बी.जे.एस.में श्रमदान

**जोधपुर** ,(का.सं.)। बीजेएस कॉलोनी स्थित राजपूत स्वर्गाश्रम में रविवार को प्रातः 7.30 से प्रातः 9-00 बजे तक श्रमदान का कार्य हुआ। श्रमदान कार्य में 25 वरिष्ठ जनों व युवाओं ने भागीदारी निभाई। बीजेएस राजपूत स्वर्ग आश्रम प्रबंधन समिति के सचिव स्वरूप सिंह सांगलिया ने बताया कि रविवार को बी जे एस स्थित राजपूत स्वर्गाश्रम में सामूहिक श्रमदान का कार्य हुआ। इस परिसर में सभी ने झाडू लगाकर बिखरा हुआ कचरा इकट्ठा किया। लगाए हुए पौधों की क्यारियों की साफ सफाई की। बैठने के लिए लगाई हुई पत्थर की बेंचो की भी साफ सफाई की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रातः 7.30 बजे से 8.30 बजे तक श्रमदान का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप में सिर्फ मैसेज किया जाता, उस मैसेज के आधार पर ही जिनकी भी इच्छा होती है, वह श्रमदान के लिए पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह परंपरा काफी समय से संचालित हो रही है। इस कार्य से श्रमदान के द्वारा साफ सफाई भी हो जाती है और मिलना जुलना भी हो जाता है। उन्होंने बताया कि रविवार के श्रमदान में बी जे एस राजपूत स्वर्गाश्रम प्रबन्ध समिति के संरक्षक मूल सिंह सेवा की अगुवाई में जब्बर सिंह खेडूली, मोहन सिंह शेखावत तुर्कीयावास, श्रवण सिंह चांदावत, कृष्ण कुमार सिंह बागावास, स्वरूप सिंह सांगलिया, शक्ति सिह चाम्पावत झींतडा, सुगन सिंह राठौड सिडास, राजेन्द्र सिंह लीलिया, बजरंग सिंह राठौड पलाडा, कैप्टन छतर सिंह, श्याम सिंह गौड, बजरंग सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह राठौड, शक्ति सिंह मेडतिया, पी एस शेखावत, नरपत सिंह राठौड मिंडकिया, रणजीत सिंह ज्याणी, मुलायम सिंह धमोरा, राजेंद्र सिंह बरडवा, शंभू सिंह उदावत भांडु, जितेंद्र सिंह शेखावत फरडोली, वीरेंद्र सिंह राठौड मायापुर ने श्रमदान में भागीदारी निभाई।

### स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। जिला स्केटिंग संघ मुख्य सचिव व नेशनल स्केटिंग कोच अजय शर्मा ने बताया कि पांचवी जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता बांगड़ कॉलेज में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य बांगड़ कॉलेज महेंद्र राजपुरोहित, विशिष्ट अतिथि के रूप में लहरीदास वैष्णव जिला खेल अधिकारी, अधिशाषी अभियंता रमेश परिहार सा. नि. वि. खंड पाली, राजेश पाटनेचा सचिव जिला ओलंपिक संघ पाली , आनंद कवाड़ अध्यक्ष जिला स्केटिंग संघ द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सचिव अजय शर्मा ने बताया कि सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया गया। जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में सहयोगकर्ता के रूप में नेमाराम चौधरी ,मनोहर भाटी, समंदर सिंह आयुष्मान स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा 5 वर्ष से 19 वर्षीय बालक ,बालिकाओं को 500 मीटर , 1000 मीटर रिंक रेस में विजयी खिलाड़ियों को मेडल बनाकर सम्मानित किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों से 68 खिलाड़ियों ने स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें 26 गोल्ड मेडल ,24 सिल्वर मेडल , 20 ब्रॉन्ज मेडल विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। टीम मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जिला स्केटिंग संघ के कोच तरुण शर्मा ,हेमाराम राणा, मनोहर सिंह , लकी कवर ,रोहित कुमार , अंजलि कवर ने प्रतियोगिता को तकनीकी रूप से सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया।

### जोधपुर भवन हरिद्वार के 47 नामांकन

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार ट्रस्ट के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 47 जनों ने नामांकन दाखिल किए। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल पंवार सहित 47 जनों ने समर्थकों के साथ नामांकन प्रस्तुत किए। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेन्द्र भाटी ने बताया कि बाबूलाल पंवार, चंद्रसिंह देवडा, चेनसिंह पंवार, प्रेमसिंह देवडा, गोपाल सांखला, खेताराम, कल्याण गहलोत, मनोहर सांखला, राकेश सांखला, हंसराज गहलोत, मुकेश सांखला, संतोष चौहान, नरेन्द्र सोलंकी, नरपत कच्छवाह, धनराज गहलोत, युधिष्टर परिहार, विपिन परिहार, लक्ष्मणसिंह ललित गहलोत, धनसिंह सांखला, छैलाराम पीपाड, अशोक कच्छवाह, भगवानसिंह सांखला सहित 47 जनों ने नामांकन दाखिल किए। इस अवसर पर समाजबंधु ज्योति बां फुले चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां पर पुष्पहार चढ़ा कर आशीर्वाद लिया और जुलूस के रूप में नामांकन कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि नाम वापसी 29 अक्टूबर है तथा चुनाव चिन्ह का आवंटन 30 अक्टूबर को होगा। 17 नवम्बर को मतदान होगा।

### आग से घर का सामान जला

**जोधपुर**, (कासं)।बालेसर में रहवासी ढाणी में आग लग गई। जिसमें घरेलू सामान, नगदी सहित जेवरात जल गए। घटना कुई जोधा पंचायत के खागला में रविवार शाम की है। खागला में रमेशराम पुत्र भवंरराम के परिवार वाले पास के खेत में कार्य करने के लिए गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था, तभी अचानक उनकी रहवासी ढाणी में आग की लपटें उठने लगी। परिवार के लोगों ने धुआं उठता देखा, तो दौड़कर ढाणी की तरफ गए। वहां पूरी ढाणी आग की चपेट में थी। आसपास के लोग भी दौड़कर आए और रेत एवं पानी की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से ढाणी में रखी चारपाई, बिस्तर, खाने पीने की सामठी, 12 हजार रुपए नगदी एवं बाजरी, मूंग, मोठ, पशुओं के लिए चारा चांदी के जेवरात जलकर राख हो गए। इसके बाद हल्का पटवारी महीराम विश्नोई को सूचना दी गई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### 'दिवाली विद माई भारत' आज से

**जोधपुर**, (कासं)। माई भारत, नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्थानीय व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में 'दिवाली विद माई भारत' के प्रथम वर्षगांठ पर सोमवार को जोधपुर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में स्वयंसेवा से स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ सघन स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा। नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी राजेश ने बताया कि जिले में माई भारत युवाओं द्वारा दिवाली पूर्व स्वयंसेवा का परिचय देते हुए मुख्य चौराहों पर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी, शहर के मुख्य बाजारों में स्वच्छता अभियान व अस्पतालों में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं में मदद आदि कार्य किये जायेंगे। जिले में कनफेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स व अन्य एसोसिएशन और माय भारत स्वयंसेवकों के सहयोग से कार्यक्रम किया जाएगा।

### डिस्ट्रिक्ट क्लब के सभी नतीजे आए

पाली, (नि.सं.)। पाली के प्रतिष्ठित डिस्ट्रिक्ट क्लब चुनाव में सचिव पद पर पुनीत मूथा जीत गए थे, लेकिन डायरेक्टर पद की मतगणना रात 9:30 बजे संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना में सबसे ज्यादा विवेक मेहता को 940, ऋषि बोहरा 939, ऋषभ तलेसरा बंटी812, प्रदीप साड 806, प्रशांत मुथा 766, हर्ष लोढ्ा 718, सुमित कवाड 687,नितिन चोपड़ा 689, राजेश पांटने चा 660, लवकेश कोठारी 619 स्थान पर विजेता रहे। इसके अलावा अनामिका मेवाड़ा तरुण सकलेचा, मुकेश नाहर निखिल बाफना तेज सिंह चौहान ललित कुमार चांडक हार गए। जीत के बाद सभी विजेता होने गुलाल उड़ाकर माला पहन कर सहयोगियों और रिश्तेदारों ने स्वागत किया।

### पटाखों का बाजार सजा

**पाली**, (नि.सं.)। दीपावली पर्व के नजदीक आने पर शहर के विभिन्न जगह पर पटाखे की दुकानें सज गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य रूप से रामलीला मैदान में करीब 20 पक्की की दुकान वह 25 कच्ची दुकान बंद कर तैयार हो गई है। कोई सुपर मार्केट में भी फटाका बाजार सज गया है। शहर के नहर रोड, रामदेव रोड मिल गेट पर भी पटाखे की दुकान लगी है। फटाखा व्यापारी आशीष सारस्वत ने बताया कि इस बार पटाखे पिछली वर्ष से 10 महंगे हैं। ग्राहकी चालू हो गई है। लोगों में ग्रीन पटाखे, आकाशीय, तारे जमीन चकरी, कोठी रंग बिरंगे तार आदि की खरीददारी कर रहे हैं। पटाखे मुख्ता दक्षिण से शिवकाशी से आते हैं, लेकिन यहां पर जयपुर से होलसेल में माल आता है। दीपावली पर ग्राहकी अच्छी होने की संभावना है।

### प्रधानमंत्री के 'मन की बात' सुनी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली ने खींवसर मंडल के आकला गांव में चौहानो की ढाणी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को समस्त कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस मौके मण्डल अध्यक्ष बलदेवराव गोदारा, शक्ति प्रमुख नरसिंह जाट, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता फुससिंह राठौड़, ओंकारसिंह, नथमल, हनुमान, खेमाराम उपस्थित रहे।